>

Title: Request the government to issue an advisory to ckeck racial discrimination of North eastern people regarding Novel Coronavirus.

श्री तापिर गाव (**अरुणाचल पूर्व**): माननीय अध्यक्ष महोदय, अभी देश भर में कोरोना वायरस डिजीज फैली हुई है, लेकिन हमारे पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिकों के साथ यह प्रॉब्लम डबल है । यूनिवर्सिटीज़, कॉलेजेज और स्कूलों में पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिकों का चेहरा देखकर कुछ लोग यह बोलते हैं कि देखो, देखो, यह कोरोना वायरस आ रहा है । इस तरह पूर्वोत्तर राज्यों के बच्चों से होस्टल्स और रेन्टेड हाउसेज खाली कराए जा रहे हैं ।

महोदय, आपके माध्यम से अपनी सरकार से यह निवेदन करता हूं कि हर प्रदेश में वे एक एडवाइजरी जारी करें । इसके पीछे एक साजिश है । इस तरह रेसियल डिस्क्रीमिनेशन पैदा करके पूर्वोत्तर राज्यों को अलग करने की साजिश है । यह साजिश भविष्य में न हो, इसलिए मैं आपके माध्यम से अपनी सरकार को हर प्रदेश में इसके लिए एक एडवाइजरी जारी करने का निवेदन करता हूं ।